सच बोलने की हिम्मत

# राजधानी चौपाल

RNI No. HARHIN/25/A3341

राजधानी चौपाल
समाचार पत्र में किसी भी प्रकार के समाचार, विज्ञप्ति और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें...
94169-26329
93068-13001

अंक : 22 वर्ष : 01 साप्ताहिक (8 से 14 जून 2026) पृष्ठ 8 मूल्य : 5/- रुपये E-mail : rajdhanichoupal@gmail.com







## टीएमसी मैं दरार

# ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सांसद टूटे



**कोलकाता (राजधानी चौपाल) :** विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। सांसद और TMC की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने NDA को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। जल्द ही स्पीकर को पत्र भी भेज दिया जाएगा। इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और BJP के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल एरुशुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे। इस बैठक में लोकसभा सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरुम चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, अमित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनजों मौजूद रहे। लोकसभा में TMC के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इन गुट ने ऋतब्बत को अपना नेता बनाया है। सोमवार को इस बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। कई अष्ट सांसद एक मेज के आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। उस समय एक सांसद के फोटो खींचने पर विवाद भी हुआ। इसमें सुखेंदु शेखर रे भी बैठे दिखाई दे रहे हैं। जवाबः TMC के पास कुल 28 लोकसभा सांसद हैं। अगर 20 सांसदों का बागी गुट खुद को अलग दल या लोकसभा में असली टीएमसी पार्टी बताता है, तो इन पर दल-बदल कानून नहीं लगेगा, क्योंकि बागी गुट के पास

### दावा- TMC के लोग ममता से नाराज

TMC के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर ने आज सुबह ही राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। त्यागपत्र में उन्होंने ममता के 15 साल के अराजक शासन को पार्टी की हार का नतीजा बताया और भाजपा की तारीफ की थी। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने सुखेंदु शेखर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। सुखेंदु ने इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा था कि पार्टी के कई लोग ममता मनमाने ढंग से पार्टी चला रही थीं, इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2029 तक था। अब सीट खाली हो चुकी है, अब इस पर उपचुनाव कराया जा सकता है। सुखेंदु शेखर के इस्तीफे पर बंगाल में अरुख के बागी नेता ऋतन्नत बनजों ने कहा कि यह सिर्फ सुवेंदु की निजी बात नहीं है। मैंने सुखंदु से सीधे बात नहीं की है, लेकिन टीवी पर उनके बयान देखे और सुने हैं। मैं उनकी बातों से सहमत हूं।

### पहले अपाचे को गिराया फिर 21 ठिकानों पर हमले... ईरान ने टुकड़े-टुकड़े कर दिए ट्रंप के तेवर

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव युद्ध में बदल गया है. ईरान ने पहले अमेरिकी अपाचे हेलिकॉप्टर गिराया, फिर 21 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया. अमेरिका ने भी ईरान पर बमबारी की. ईरान ने MQ-9 ड्रोन नष्ट करने का दावा किया. ट्रंप ने बिजली संयंत्रों पर हमले की धमकी दी है, जिससे मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने की आशंका है.

### यूपी पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी, हर वोटर को मिला 9 अंकों का यूनिक पहचान नंबर

उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी की, जिसमें हर वोटर को 9 अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर मिला है. इससे पहचान प्रक्रिया पारदर्शी होगी और डुप्लीकेट वोटिंग रुकेगी. अब 12.58 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, और चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है.


### यूपी पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी, हर वोटर को मिला 9 अंकों का यूनिक पहचान नंबर

उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी की, जिसमें हर वोटर को 9 अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर मिला है. इससे पहचान प्रक्रिया पारदर्शी होगी और डुप्लीकेट वोटिंग रुकेगी. अब 12.58 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, और चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है.


### तेल की आग में झुलसा सोना-चांदी! गोल्ड 4300 तो सिल्वर 10000 रुपए धड़ाम

दिल्ली में बुधवार को सोना ₹4,300 और चांदी ₹10,000 सस्ती हुई, जिससे सोना ₹1.56 लाख प्रति 10 ग्राम और चांदी ₹2.45 लाख प्रति किलो हो गई. अमेरिकी डॉलर की मजबूती, बढ़ते कच्चे तेल के दाम और भू-राजनीतिक तनाव ने कीमती धातुओं की मांग घटाई, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी गिरावट आई.

### जो दूसरों का भविष्य बताते थे, अपना नहीं देख पाए! 'चावल वाले बाबा' रेप के आरोप में गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ के 'चावल वाले बाबा' नरेंद्र नयन शास्त्री को महासमुंद में दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. वे भविष्यवाणियों के लिए प्रसिद्ध थे और उनके कई प्रभावशाली अनुयायी थे. गिरफ्तारी के बाद उनकी चमत्कारी छवि पर सवाल उठ रहे हैं. पुलिस इस संवेदनशील मामले में सतर्कता से जांच कर रही है.

# मानसून 12 राज्यों में पहुंचा

## तेज आंधी से एअर इंडिया के 3 विमान डैमेज



**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार तक मानसून 12 राज्यों तक पहुंच गया। इसने पूरे केरलम, कर्नाटक, मणिपुर, नगालैंड और मिजोरम को कवर कर लिया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में प्री-मानसून बारिश हो रही है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में रविवार को बारिश के साथ ओले गिरे। मध्य प्रदेश के इंदौर-खंडवा हाईवे पर आंधी से ऑटो पलट गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर तेज आंधी और बारिश के दौरान ग्राउंड सपोर्ट उपकरणों की टक्कर से एअर इंडिया के तीन नैरो बॉडी विमान क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद तीनों विमानों को ऑपरेशन से बाहर कर दिया गया है। दिल्ली-NCR में सोमवार से मौसम में बदलाव आया है, यहां दोबारा गर्मी बढ़ेगी। आने वाले दिनों में तापमान 45 एष्ट तक पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते हीटवेव जैसी परिस्थितियां बन सकती हैं। केरलम में इस बार मानसून तीन दिन की देरी से, 4 जून को पहुंचा था। 4 दिन के अंदर इसने 12 राज्यों को कवर कर लिया। रविवार को मानसून ने पूर्वोतर के त्रिपुरा, असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में एंट्री ले ली है। इससे पहले शनिवार को आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में पहुंचा था। IMD के मुताबिक, 7 से 9 जून के बीच केरलम में कई जगह भारी बारिश हो सकती है। लक्षद्वीप में 7 और 8 जून को भारी बारिश हो सकती है।

# टीएमसी के बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न सिन्हा शामिल



**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में लगातार टूट जारी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, काकोली घोष के नेतृत्व वाले TMC बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की लिस्ट जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद झायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। 8 जून को काकोली घोष ने दावा किया था कि उन्होंने 20 लोकसाभा सांसदों के समर्थन वाला पत्र स्पीकर ओम बिरला को भेजा ह वहीं बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में TMC के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पहले 8 जून को सुखंदु शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था, पार्टी भी छोड़ दी थी। इसके बाद TMC के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। वहीं 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इन सांसदों ने ऋतब्बत बनर्जी को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाने के लिए स्पीकर को पत्र दिया था। ऋतब्बत ने बुधवार को कहा कि हमारे पास 64 विधायक हैं। बाकी के 6 विधायक भी स्पीकर को चिट्ठी सौंपेंगे।

## महाराष्ट्र को रेल फाटक-मुक्त बनाने की तैयारी

# 65 प्रोजेक्ट को मंजूरी

**गंनी (राजधानी चौपाल) :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य को रेल फाटक-मुक्त बनाने के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा विकसित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (महारेल) द्वारा प्रस्तावित 131 रेलवे ओवरब्रिज परियोजनाओं में से पहले चरण की 65 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई। मुंबई में सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित बैठक में सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले, राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक और विधायक प्रप्साद लाड भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसी भी रेलवे मार्ग पर फाटक नहीं रहना चाहिए। इसके लिए रेलवे ओवरब्रिज, पैदल पुल और रेलवे अंडरपास जैसी सुविधाएं युद्धस्तर पर विकसित की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहले चरण में स्वीकृत 65 परियोजनाओं में उन स्थानों को प्राथमिकता दी जाए, जहां प्रतिदिन 25 हजार से 1 लाख तक ट्रेन व्हीकल यूनिट का यातायात है और जहां भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता कम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महानगरों और शहरों के आसपास तेजी से हो रहे शहरी विस्तार को देखते हुए रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास नागरिकों के आवागमन को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि ये परियोजनाएं राज्य की परिवहन व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होंगी।

### विभिन्न शहरों में होंगे 80 रेल अवसंरचना कार्य

राज्य सरकार ने विभिन्न शहरों में कुल 80 रेल अवसंरचन परियोजनाएं प्रस्तावित की हैं। इनमें-

- मुंबई-छत्रपति क्षेत्र- 17 परियोजनाएं
- पुणे- 15 परियोजनाएं
- नागपुर- 13 परियोजनाएं
- नासिक और अमरावती- 5-5 परियोजनाएं
- सांगली- 4 परियोजनाएं
- छत्रपति संभाजीनगर, कोल्हापुर, धुले, चांदूर और परभणी- 3-3 परियोजनाएं
- सोलापुर और रत्नागिरी- 2-2 परियोजनाएं
- अहिल्यानगर और नांदेड़- 1-1 परियोजना

### नागपुर और अमरावती के लिए विशेष निर्देश

मुख्यमंत्री ने नागपुर में फ्छडे से लंबे फ्लाईओवरों पर भविष्य में बढ़ने वाले यातायात को देखते हुए संभावित जाम की समस्या से निपटने के लिए अभी से आवश्यक कदम उठाने को कहा। वहीं अमरावती-हडसेन मार्ग पर दूसरी और तुर्सन रेलवे ओवरब्रिज को टक्कार आधुनिक तकनीक से मजबूंतानाम के निर्देश भी दिए गए।

# सहमति से संबंध खराब चरित्र का आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दो अविवाहित बालिगों के बीच सहमति से बने शारीरिक संबंध को किसी व्यक्ति के चरित्र पर सवाल उठाने का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो दो बालिग और अविवाहित लोगों को अपनी पप्रंद का संबंध रखने से रोकता हो। रिश्ता टूटने को धोखा नहीं माना जा सकता। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह टिप्पणी तेलंगाना स्टेट लेवल पुलिस रिक्रूटमेंट बोर्ड के एक मामले की सुनवाई के दौरान की। बोर्ड ने आरोपी को नैतिक दोषी मानते हुए उनकी भर्ती रद्द कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कैंडिडेट को पुलिस में नियुक्ति देने का निर्देश दिया। उम्मीदवार की नियुक्ति रद्द की गई थी क्योंकि उसके खिलाफ 2014 में शादी का वादा कर दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। भर्ती बोर्ड ने इसे नैतिक अधमता (मॉरल टरपिट्यूड) का मामला मानते हुए उसे अयोग्य ठहराया था। कैंडिडेट ने इसे चुनौती दी थी। हालांकि, यह मामला एक असफल प्रेम संबंध से जुड़ा था। रिकॉर्ड के अनुसार, उम्मीदवार और शिकायतकर्ता पड़ोसी थे और करीब चार साल तक रिश्ते में रहे थे।

# CM सैनी ने जारी किए 2697 करोड़ रुपये, पंचायतों को मिली 1056 करोड़ की बड़ी सौगात

**पंचकूला (राजधानी चौपाल)** | पंचकूला के सेक्टर 5 में आज मंगलवार को राज्य स्तरीय सशक्त पंचायत समारोह एवं लाभ राशि का सीधा हस्तांतरण (DBT) समारोह आयोजित किया गया. इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैटर मुख्यातिथि शामिल हुए. उनके साथ इस कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी शामिल हुए. कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए. इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के कुल 2 हजार 697 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की.

**छह ग्राम पंचायतों को मानित किया:** इस दौरान मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कारों के माध्यम से उन 6 ग्राम पंचायतों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने विकास, स्वच्छता और सुशासन के नए मानदंड स्थापित लिए हैं. इस दौरान इन सभी छह ग्राम पंचायतों को मंच पर कुल एक करोड़ 66 लाख रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में दी गई. चालू वर्ष में ग्राम विकास के लिए 8704 करोड रुपए का प्रावधान किए जाने की बात भी कही. इस दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य सभी मंत्रियों के साथ पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से धर्मक्षेत्रे: कुरुक्षेत्रे: नामक पुस्तक का विमोचन भी किया. सीएम ने कहा कि, "2




### इन कार्यों के लिए करोड़ों रुपये राशि जारी:

1. दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की माता-बहनों को आठवीं किस्त की 207 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि जारी की गई है.
2. हर घर हर गृहणी योजना में माता बहनों को 19 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि जारी की गई.
3. सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के 35 लाख 76 हजार 775 लाभार्थियों को 1151 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई है.
4. ओबीसी और DNT वर्ग के 25729 विद्यार्थियों को 23 करोड़ 17 लाख रुपये की छात्रवृत्तियां दी गई हैं.
5. दयालु योजना के तहत 4538 पीड़ित परिवारों को 169 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि वित्तीय सहायता के रूप में दी गई.
6. ग्राम विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं को विकास कार्यों के लिए 1056 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई है.
7. 17 जिलों के 179 गांव की फिरनियों पर एलईडी स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन किया गया है.

अक्टूबर 2026 तक प्रदेश के सभी गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाया जाएगा.

**" गांव विकास का पहला केंद्र:** CM ने आगे कहा कि, "गांव जितने जागरूक होंगे, पंचायतें जितनी सशक्त होंगी, प्रदेश भी उतना ही समृद्ध होगा. आज का यह सशक्त पंचायत समारोह वास्तव में हरियाणा के गांव के गौरव उनके सामर्थ्य और उनके उज्जवल भविष्य का उत्सव है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गांव किसी योजना का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि विकास का पहला केंद्र होना चाहिए प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 साल देश के इतिहास में सेवा, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम अध्याय बनकर उभरे हैं.

**" नशे को मिलकर जड़ से खत्म करें:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि, "सभी को मिलकर प्रदेश से नशे को जड़ से खत्म करना है. नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इसके लिए मानस पोर्टल तैयार किया गया है, जहां सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी. यदि नशा तस्करों को कोई संरक्षण दे रहा होगा तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी."

## कैब ड्राइवरों की हड़ताल से ट्राइसिटी में यात्रा व्यवस्था चरमराई

मांगों को लेकर कैब चालकों का प्रदर्शन जारी, चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में यात्रियों को वैकल्पिक परिवहन का सहारा लेना पड़ रहा है।




**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) :** चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में सफर करने वाले लोगों को इन दिनों बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ओला, उबर और इनड्राइव जैसी ऐप आधारित कैब सेवाओं से जुड़े ड्राइवरों ने किराया दरों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है. हड़ताल के तहत चालक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सवारियां नहीं उठा रहे हैं, जिससे ट्राइसिटी में आवागमन प्रभावित हो गया है.

**16 जून तक जारी रह सकता है आंदोलन:** कैब यूनियन के अनुसार यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन 16 जून तक जारी रह सकता है. इस हड़ताल का सीधा असर ट्राइसिटी के करीब 50 हजार यात्रियों पर पड़ रहा है. भीषण गर्मी के बीच लोगों को अब ऑटो, बसों और अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है.

## चुनाव आयोग से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज करने का किया विरोध

**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) :** कांग्रेस नेता ने कहा, "पहली बात ये है कि यह प्राइवेट शिकायत है. प्राइवेट शिकायत बेबुनियाद हो सकती है और उसमें कोई दम नहीं हो सकता है. दूसरा कि मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेना है, जो एक न्यायिक और स्वतंत्र प्रक्रिया है. नटराजन को केवल अदालत के सामने पेश होने और यह बताने के लिए नोटिस मिला था कि संज्ञान क्यों नहीं लिया जाना चाहिए. इसका मतलब है कि उन्हें जो नोटिस मिला, वह संज्ञान लिए जाने से पहले का था." यह बताते हुए कि संज्ञान के बिना, कानून की नजर में कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है, उन्होंने कहा, "सिर्फ इसलिए कोई आपराधिक मामला नहीं बनता कि मैं किसी और के खिलाफ कोई आरोप लगाऊं और उस पर संज्ञान न लिया गया हो. उन्होंने संज्ञान न लिए जाने के बावजूद नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया, जिसका मतलब है कि कोई आपराधिक मामला नहीं था जिसे वह बता सकती थीं. जबकि धारा 33A कहती है कि संज्ञान लिए जाने के बाद जांच होगी. जांच के बाद चार्जशीट दाखिल होगी." सिंघवी ने आगे कहा कि RO के आदेश में 'संज्ञान' शब्द का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन असल में कोई संज्ञान नहीं लिया गया था. उन्होंने कहा, "हमने चुनाव आयोग का ध्यान इस बात की ओर भी दिलाया कि अनुच्छेद 324 के तहत उसके पास बहुत ज़्यादा शक्तियां हैं. यह न्याय करने और गलतियों को सुधारने की शक्ति है. हमें उम्मीद और भरोसा है कि चुनाव आयोग को यह एहसास होगा कि इससे बहुत बुरा, विकृत और असमान चुनावी माहौल बनता है. असमान चुनावी माहौल लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट करता है. इसका उल्लंघन संविधान के मूल ढांचे की बुनियाद पर और भी गहरी चोट करता है." सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से तुरंत फैसला लेने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा, "नाम वापस लेने के दिन आए हैं. अभी काफी समय है. यह आदेश पूरी तरह से गलत, साफ तौर पर गैर-कानूनी और बिना किसी कानूनी आधार के है, और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए. हमारी यही मांग है." मामले में चुनाव आयोग ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. मतदान 18 जून को होना है.



कांग्रेस नेताओं ने फैसले पर जताई आपत्ति, नामांकन रद्द करने की प्रक्रिया और आधार पर उठाए सवाल।

## कुरुक्षेत्र बाईपास के लिए बड़ा कदम, 29 गांवों में जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक



**भूमि अधिग्रहण कुरुक्षेत्र (राजधानी चौपाल) :** धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी कुरुक्षेत्र को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने तथा इसके समग्र विकास को गति देने के लिए प्रस्तावित कुरुक्षेत्र बाईपास परियोजना पर काम तेज हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए बाईपास के दायरे में आने वाले 29 गांवों की भूमि की खरीद-बिक्री और रजिस्ट्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इस संबंध में कुरुक्षेत्र के उपायुक्त एवं रजिस्ट्रार-सह-कलेक्टर विश्राम कुमार मीणा ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि यह फैसला भविष्य में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली कानूनी और आर्थिक जटिलताओं को रोकने के लिए लिया गया है। बाईपास की घोषणा के बाद अक्सर जमीनों की खरीद-बिक्री में तेजी आ जाती है और मुआवजे की राशि बढ़ाने के उद्देश्य से भूमि की कीमतों में कृत्रिम बढ़ोतरी की जाती है। रजिस्ट्री पर रोक लगाने से ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और वास्तविक भूमि मालिकों को पारदर्शी तरीके से उचित मुआवजा मिल सकेगा। यह बाईपास परियोजना करीब 27.9 किलोमीटर लंबी होगी और थानेसर तथा पिहोवा तहसील के 29 गांवों से होकर गुजरेगी। परियोजना के तहत प्रभावित गांवों में जल्द ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन ने थानेसर और पिहोवा के एसडीएम, डीआरओ, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बाईपास बनने के बाद कुरुक्षेत्र शहर में भारी वाहनों का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। वर्तमान में शहर के मुख्य मार्गों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम, सड़क दुर्घटनाओं और वायु व ध्वनि प्रदूषण की समस्या से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही बेहतर सड़क संपर्क से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। सरकार कुरुक्षेत्र को एक प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। ऐसे में यह बाईपास परियोजना देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण पर्यटकों का सफर आसान होगा और क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन का मानना है कि कुरुक्षेत्र बाईपास केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि शहर के भविष्य के विकास की आधारशिला है। रजिस्ट्री पर रोक लगाने का निर्णय यह दर्शाता है कि सरकार और प्रशासन इस परियोजना को पूरी पारदर्शिता और तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए गंभीर हैं। परियोजना के पूरा होने से कुरुक्षेत्र को आधुनिक बुनियादी ढांचे, बेहतर यातायात व्यवस्था और आर्थिक विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे।

## '2030 तक 100 करोड़ 5G यूजर होंगे', रोहतक में सिंधिया ने गिनाईं भारत की डिजिटल उपलब्धियां

**रोहतक (राजधानी चौपाल) :** रोहतक में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा कि, "रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर या मजबूत होना वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है. अंतरराष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों और मंदी जैसे हालात के बावजूद भारत लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है."

**PM के 12 साल की उपलब्धियों का किया जिक्र:** सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि, "पिछले 12 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है. इस दौरान लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया गया है. केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचा है और इससे जीवन स्तर में सुधार हुआ है."

**मुफ्त राशन योजना को बताया बड़ी राहत:** केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि, "आज देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है. यह व्यवस्था कोरोना काल में शुरू हुई थी और अब भी जारी है. इस योजना से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक राहत मिली है तथा खाद्य सुरक्षा को मजबूत आधार मिला है."

**भारत तेजी से बढ़ रहा बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर:** आर्थिक स्थिति पर बोलते हुए सिंधिया ने कहा कि, "दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं, लेकिन भारत ने अपनी जीडीपी वृद्धि दर को बनाए रखा है और विकास की नई संभावनाएं पैदा की हैं. मजबूत आर्थिक नीतियों और स्थिर नेतृत्व के कारण भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है."

**6जी तकनीक में भारत करेगा विश्व का नेतृत्व:** दूरसंचार क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, "भारत 4जी में दुनिया का अनुयायी रहा, 5जी में दुनिया के साथ कदम मिलाकर चला और 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेगा. भारत अब केवल तकनीक अपनाने वाला देश नहीं, बल्कि नवाचार और तकनीकी विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है."

**2030 तक एक अरब होंगे 5जी उपभोक्ता:** सिंधिया ने बताया कि, "देश में वर्तमान में करीब 40 करोड़ लोग 5जी सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं. साल 2030 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 100 करोड़ यानी एक अरब उपभोक्ताओं तक पहुंचने की संभावना है. रिकॉर्ड 22 महीनों में देशभर में 5जी नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया गया है और वर्तमान में साढ़े चार लाख से अधिक टावर कार्यरत हैं."

**गांवों तक पहुंच रही संचार क्रांति:** केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि, "संचार क्रांति अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के गांव-गांव तक पहुंच रही है. देश में 126 करोड़ मोबाइल कनेक्शन हैं और लगभग 70 करोड़ उपभोक्ता 4जी सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं. डिजिटल कनेक्टिविटी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की दूरी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है."

**विकसित भारत 2047 के संकल्प पर जोर:** अपने संबोधन में सिंधिया ने कहा कि, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंभव को संभव बनाने का काम किया है. विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 140 करोड़ देशवासियों की सहभागिता जरूरी है. सरकार बुनियादी ढांचे, डिजिटल कनेक्टिविटी, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है."

**रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का किया निरीक्षण:** रोहतक दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने देश के सबसे लंबे रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का भी निरीक्षण किया. करीब 315 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण साबित हुई है. इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता अभियान में भी भाग लिया और विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी साझा की



केंद्रीय मंत्री ने कहा- 2030 तक देश में 100 करोड़ 5G उपभोक्ता होंगे, दूरसंचार क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही भारत की वैश्विक भूमिका।

## NEWS CORRIDOR

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे, हरियाणा में यज्ञ-हवन कर दीर्घायु की कामना



**पंचकूला (राजधानी चौपाल) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हरियाणा के विभिन्न जिलों में यज्ञ, हवन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ स्थित माता पथवारी मंदिर में पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में विशेष यज्ञ हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र की समृद्धि की कामना की गई। मूलचंद शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं, पंचकूला के सेक्टर-9 स्थित शिव मंदिर में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के नेतृत्व में विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और देश की प्रगति के लिए प्रार्थना की गई।

### कार्यकाल पूरा होने पर भावुक हुईं रेनू भाटिया, बोलीं- 'कोई गलती हुई हो तो माफ करना'




**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) :** हरियाणा महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेनू भाटिया ने पद छोड़ने के बाद एक वीडियो संदेश जारी किया है। करीब दो मिनट के इस वीडियो में उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। साथ ही कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान यदि उनसे कोई गलती हुई हो तो उन्हें माफ किया जाए। वीडियो में रेनू भाटिया ने एलएनजेपी नागरिक अस्पताल में नाबालिग से यौन शोषण मामले या नर्सिंग स्टाफ से जुड़े विवाद का कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने न तो नर्सिंग स्टाफ से माफी मांगी और न ही अपने उस बयान पर कोई प्रतिक्रिया दी।

# एसआईआर के लिए बूथ एजेंटों को विधायक चंद्रप्रकाश ने दिया प्रशिक्षण

**हिसार/ मंडी आदमपुर (राजधानीचौपाल)** विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर में जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी और बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने वाटर वर्क्स का अवलोकन किया और समुचित सफाई व्यवस्था शुरू करवाई। मंडी आदमपुर में ही आयोजित सम्मान समारोह में भी उन्होंने शिरकत की।

मंडी आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित जनता दरबार में पहुंचे सैकड़ों हलकावासियों ने कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन का दायित्व मिलने पर विधायक चंद्रप्रकाश को शुभकामनाएं दी। जनता दरबार में लोगों ने बिजली, पेयजल व सडक़ों से संबंधित समस्याएं सामने रखी। चंद्रप्रकाश ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके यथासंभव समस्याओं का मौके पर ही निदान किया और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर में बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर बीएलए-2 के साथ विस्तार से चर्चा की और प्रशिक्षण दिया। चंद्रप्रकाश ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में कहा कि मतदाताओं के अधिकारों की हर हाल में रक्षा होनी चाहिए और एसआईआर के समय किसी वोटर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मंत्र असली वोट कटे नहीं, नकली वोट बने नहीं को अपनाकर मतदाताओं को राहत पहुंचानी होगी।

चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर के वाटर वर्क्स का औचक निरीक्षण भी किया।



उन्होंने वाटर वर्क्स की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके तुरंत सफाई कार्य शुरू करवाया। इसके लिए बाकायदा जेसीबी से झाड़ियों व कचरे को हटाने का काम शुरू किया गया। इसके साथ ही वाटर वर्क्स की मरम्मत करवाने के भी उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने क्रांति चौक के पास निर्माणाधीन सडक़ का निरीक्षण भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हलकावासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वे पूरी शिद्दत से प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि समाज हित की आवाज बुलंद करते हुए कल्याणकारी कार्य किए जाएंगे। चंद्रप्रकाश ने कहा कि आदमपुर हलके की 36 बिरादरी के सहयोग व समर्थन से ही उनमें नव ऊर्जा का संचार होता है और वे हलके के विकास के लिए जी-जान से कोशिश में लगे रहते हैं। चंद्रप्रकाश ने कहा कि वे हमेशा विधानसभा में हलके की समस्याओं को उठाते हुए सुविधाओं की मांग करते रहे हैं।

**विधायक चंद्रप्रकाश की जनसेवा और संगठनात्मक गतिविधियां**

1. एसआईआर के लिए बूथ एजेंटों को विधायक चंद्रप्रकाश ने दिया प्रशिक्षण
2. मतदाताओं के अधिकारों की हर हाल में रक्षा होनी चाहिए और किसी वोटर के साथ अन्याय न हो : विधायक चंद्रप्रकाश
3. विधायक चंद्रप्रकाश ने लगाया जनता दरबार, बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे
4. विधायक चंद्रप्रकाश ने वाटर वर्क्स का किया औचक निरीक्षण, शुरू करवाया सफाई कार्य
5. समाज हित की आवाज बुलंद करते हुए कल्याणकारी कार्य किए जाएंगे : विधायक चंद्रप्रकाश

## जैन स्थानक में जैन संस्कार शिविर की शुरुआत



**हिसार (राजधानी चौपाल) :** श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा में 10 दिनों के लिए 5 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए जैन संस्कार शिविर की शुरुआत पूज्य श्री वृष्टि महाराज ठाणे 3 के मंगल वचन से प्रारंभ हुई। सभा के महामंत्री एवं एचएयू के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने बताया कि शिविर में 5 से 10 वर्ष के कुल 22 बच्चों ने भाग लिया जिनमें 12 लड़कियाँ एवं 10 लडक़े हैं। शिविर का समय प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10.30 तक रहेगा। शिविर में जैन धर्म से संबंधित नवकारमन्त्र, गुरुवंदन, पाठ, तीर्थंकरों की जानकारी, चार गति, पाँच इंद्रियाँ, छे काय, जैन प्रतीक, शाकाहार आदि विषयों पर चर्चा एवं उद्बोधन होगा।

शिविर में संचालन के लिए श्रीमती नीलम जैन, पीएम श्री स्कूल की लेक्चरर मीनू जैन, संदीप जैन, महेन्द्रपाल जैन, आरके जैन आदि प्रतिदिन विभिन्न विषय लेंगे। प्रधान प्रवीण जैन ने बताया कि बच्चों में शिक्षा व मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल भी कराए जाएंगे एवं उन्हें सिखाने के लिए बाहर भी दर्शनीय स्थलों का दौरा कराया जाएगा। शिविर में समय-समय पर अन्य अनुभवी विद्वान विभूतियों का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शिविर के शुभारंभ पर जैन समाज के अनेक श्रावक श्राविकाओं, रमेश गर्ग, दीपक जैन, अमर जैन, संदीप जैन, अमित जैन, पूजा जैन, सुलोचना जैन, काश्वी जैन आदि उपस्थित थे। प्रथम दिन के समापन पर सभी बच्चों को सुरुचिपूर्ण आहार की भी व्यवस्था कराई गई।

## प्रधानमंत्री मोदी की वजह से भारत की विश्व में पहचान : डॉ. आशा खेदड़




**हिसार (राजधानीचौपाल):** भारतीय जनता पार्टी के सब्जी मंडी मंडल की ओर से आत्मनिर्भर समूह की बैठक वार्ड-3 की पार्षद ज्योति वर्मा के आवास पर हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्य अतिथि रही और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। आज भारत की आवाज़ वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली ढंग से सुनी जाती है और देश विकास, आत्मनिर्भरता तथा सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और विश्व समुदाय में उसका सम्मान बढ़ा है।

डॉ. खेदड़ ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर अभियान, 'मन की बात' कार्यक्रम एवं अन्य संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले पौधारोपण अभियान, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, बुद्धिजीवी सम्मेलन तथा विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों में सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों से जोड़ें।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया बैठक की अध्यक्षता सब्जी मंडी मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा ने की। इस अवसर पर मंडल प्रभारी संजीव रेवड़ी, मंडल महामंत्री कृष्ण सरसाना, जिला प्रवक्ता पीयूष मेहता, मंडल महामंत्री अनुज जैन, सुशील सैनी, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश गोयल, सुभाष शर्मा, उमेद खन्ना, सुनील वर्मा, मंडल सचिव लवली राजपाल, आनंद सैनी, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी अतुल बांगा, हिसार विधानसभा सोशल मीडिया सह-संयोजक भानु सिंघल एवं कपिल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओबीसी विभाग को मिलेगा नया नेतृत्व, 11 जून को समारोह



- प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के नवनिर्वाचित चेयरमैन चंद्रप्रकाश का पद ग्रहण समारोह 11 जून को
- विधायक चंद्रप्रकाश के कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन पद ग्रहण समारोह में देशभर से पहुंचेंगे वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद व विधायक
- चेयरमैन पद ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से जारी, 11 जून को देशभर से पहुंचेंगे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** 11 बजे आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में देश व प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी संख्या में पहुंचेंगे। इस आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसके साथ ही विधायक चंद्रप्रकाश को कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन का दायित्व मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व न्याययोद्धा राहुल गांधी, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद एवं कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से किया जाएगा।

चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन के दायित्व को निभाते हुए ओबीसी वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे और पिछड़ा वर्गों के हक और न्याय के लिए संघर्ष में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जनसाधारण तक पहुंचाने में हरियाणा ओबीसी डिपार्टमेंट अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने बताया कि पद ग्रहण समारोह में हरियाणा प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद व महासचिव कुमारी सैलजा, सांसद व महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, युवा व जुझारू सांसद व सीडब्ल्यूसी सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व सांसद राजबब्बर, सह- प्रभारी जितेंद्र बघेल, सांसद चौ. जयप्रकाश, कर्मबीर सिंह बौद्ध, सतपाल ब्रह्मचारी, वरुण मुलाना, कप्तान अजय यादव, पूर्व प्रधान चौ. धर्मपाल सिंह मलिक, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय संयोजक राजस्थान से विधायक मनीष यादव, पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ व हाजी फहीम और सभी विधायकों व कांग्रेस नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।



### ढंढूर में बूथ लेवल एजेंटों को दिया प्रशिक्षण

**हिसार/ मंडी आदमपुर :** आदमपुर हलके के गांव ढंढूर की रविदास धर्मशाला में आयोजित बूथ लेवल एजेंट-2 प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर विधायक चंद्रप्रकाश ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षण देते हुए समझाया कि एसआईआर के समय किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही असली वोट कटना नहीं चाहिए और नकली वोट बनना नहीं चाहिए। इस अवसर पर विधायक चंद्रप्रकाश ने ग्रामवासियों से मुलाकात भी की और उनका कुशलक्षेम भी जाना।

## श्रीराम सेवा महिला समिति ने भाग्य श्री महिला आश्रम में किया सहयोग



**हिसार (राजधानीचौपाल):** श्री राम महिला सेवा समिति की कार्यकारिणी सदस्यगण महिलाओं ने भाग्य श्री महिला आश्रम जो आजाद नगर गंगवा रोड हिसार में स्थित है जहां 72 मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाएं रहती हैं, वहां जाकर उनको एक समय का भोजन अपने हाथों से परोसा। समिति की महिलाओं ने आश्रम की मांग पर एक महीने का जरूरत का राशन का सामान जैसे दालें, चावल, चाय पत्ती, चीनी, मसाले, देशी घी, सरसों का तेल, मैगी, चीनी, सर्फ, राजमा इत्यादि व महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड, आश्रम की संचालिका बाला वर्मा को भेंट किया। समिति की प्रवक्ता शशि बुड़ाकिया ने बताया कि समिति हर महीने यहां आश्रम में जरूरत का सामान दे कर व भोजन करवा कर अपनी सेवा करती है। इस मौके पर समिति की तरफ से राधा बंसल, शशि बुड़ाकिया, संध्या जैन, निशा गोयल व मंजू गुप्ता मोजूद रही। सुश्री बाला वर्मा ने समिति की सदस्यगण का सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा जन कल्याण मंच ने किया पौधारोपण



**हिसार (राजधानीचौपाल) :** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा जन कल्याण मंच के हिसार जिला अध्यक्ष व शहीद उधम सिंह वह शहीद मदनलाल ढींगरा मार्केट एसोसिएशन ग्रीन रेड स्क्वेयर मार्केट एसोसिएशन प्रधान प्रवीण हिंदू, प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलकधारी, जिला उपाध्यक्ष सुमित मित्तल, श्रीमति व श्री आशीष जैन सीए, श्रीमती व श्री मुरारी लाल आदि ने गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज दिल्ली रोड, हिसार में पौधारोपण किया जिसमें कुछ फलदार वृक्ष व त्रिवेणी आदि लगाई गई। इसके उपरांत कॉलेज के पूरे स्टाफ के साथ पर्यावरण विषय पर गोष्ठी की जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक छोडऩे व सभी को अपने जन्म दिवस पर कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया व पर्यावरण में जल संरक्षण के बारे में काफी जानकारी साझा की। देश भक्ति गीत के साथ गोष्ठी का संपन्न किया।

## चंद्रप्रकाश की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह





**हिसार (राजधानीचौपाल):** कांग्रेस आलाकमान द्वारा आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश (रिटायर्ड आईएएस) को हरियाणा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग (ओबीसी) का चेयरमैन नियुक्त करके वंचित वर्गों के हितों को सामर्थ्य देने का कार्य किया है। इस नियुक्ति से पूरे आदमपुर हल्का विशेष कर पिछड़ा वर्ग में खुशी का माहौल है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मनोनीत सदस्य एवं रिटायर्ड जेडएमईओ (एग्री. मार्केटिंग बोर्ड) शैलेश वर्मा के नेतृत्व में समाज के अनेक लोगों ने विधायक चंद्र प्रकाश से मुलाकात करके उनका स्वागत करते हुए नवनियुक्त पद की बधाई दी। शैलेश वर्मा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान द्वारा विधायक चंद्र प्रकाश को अति महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने से उनके कुशल नेतृत्व में हरियाणा कांग्रेस का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित है। प्रदेश में प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता इस घोषणा का जोरदार स्वागत कर रहा है।

विधायक से मिलने वाले समाज के सभी लोगों ने उन्हें बुक्का भेंटकर व मिठाई खिलाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रमुख राष्ट्रीय एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अनिल जयहिंद राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी विभाग, हरियाणा के समस्त वरिष्ठ नेतागण तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया है। उनसे मिलने वालों में वार्ड 17 से विकास हिसारी युवा नेता, डॉ. पटेल सिंह स्वामी, रामनिवास हरिकोट, राजकुमार नफ़रिया एवं विजय गर्ग भी शामिल रहे।

## महर्षि भागीरथ जयंती पर हरियाणा ओड सभा ने लगाई मीठे पानी की छबील



**हिसार (राजधानीचौपाल):** महर्षि श्री भागीरथ जयंती के उपलक्ष्य में आज हरियाणा ओड सभा, हिसार की कार्यकारिणी द्वारा भागीरथ चौक, हिसार पर मीठे पानी की छबील लगाकर जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया तथा राहगीरों और श्रद्धालुओं को मीठा जल वितरित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने मांग उठाई कि भागीरथ जयंती 6 जून को हरियाणा में सरकारी छुट्टी घोषित की जाए।

कार्यक्रम के दौरान हरियाणा ओड सभा के उपप्रधान राजेश मुडाई ने महर्षि भागीरथ के जीवन एवं उनके महान कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कठोर तपस्या कर गंगा जी को पृथ्वी पर अवतरित कराया और मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके त्याग, तप और लोक कल्याण की भावना आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

राजकुमार गंगवानी प्रदेश महासचिव हरियाणा ओड सभा ने सभी को महर्षि भागीरथ जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं व पूरे समाज से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित और संगठित होकर समाज की तरक्की में अपना सहयोग करें।

जिला प्रधान रामप्रकाश मजोका ने महर्षि भागीरथ के दिखाए समाज सेवा के रास्ते पर चलने का सभी से आह्वान किया और समाज की तरक्की में अपना भरपूर योगदान देने की बात कही।

इस अवसर पर राजेश कुमार मुडाई उपप्रधान, हरियाणा ओड सभा, राजकुमार गंगवानी प्रदेश महासचिव हरियाणा ओड सभा, रामप्रकाश मजोका जिला प्रधान, जोगेंद्र ठाइया उपप्रधान, रमेश कुमार मुडाई वरिष्ठ उपप्रधान, विश्वनाथ खांबरा जिला महासचिव, राजकुमार जे.ई. सलाहकार, शिवदयाल खांबरा प्रधान, भगीरथ धर्मशाला, लक्ष्मण दास गलगत वरिष्ठ उपप्रधान, नवदीप मुडाई, योगेश मुडाई, समदीश, कुलदीप मुडाई, अमित कुमार कुडावला, अशोक तंवर, राजेश गलगट, पूजारा राम, सूरज मजोका, मास्टर शिवचरण, रजत नापा, मुंशी मजोका, सुभाष मजोका, सुभाष खांबरा तथा हरपाल गडाई सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने महर्षि भागीरथ के आदर्शों का अनुसरण करने, समाज में एकता एवं भाईचारे को मजबूत बनाने, शिक्षा के प्रसार तथा समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। छबील सेवा के माध्यम से समाज सेवा का संदेश देते हुए कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ।

## नियमित ध्यान से पाएं मानसिक शांति : आचार्य रविंद्र

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** समर्थगुरु धारा संघ के तत्वावधान में मिर्जापुर चौक स्थित एमजी क्लब के ध्यान साधना केंद्र में विशेष सुप्रभात ध्यान सत्र आयोजित किया गया। सत्र का संचालन आचार्य रविंद्र ने किया। उन्होंने कहा कि सुप्रभात ध्यान मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित कर आंतरिक शांति और संतुलित जीवन की राह प्रशस्त करता है। उन्होंने नियमित ध्यान को आत्मविकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। संघ की ओर से प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक नि:शुल्क ध्यान सत्र आयोजित किया जाता है।




## अग्रसेन परिवार समिति ने किया महाराज अग्रसेन का माल्यार्पण



**हिसार (राजधानीचौपाल) :** अग्रसेन परिवार समिति के सदस्य सुमित मित्तल ने बताया कि समिति के अनेक सदस्यों ने देवी भवन में स्थित अग्रसेन महाराज के मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया तथा वहीं पर गौशाला में सहयोग किया। उन्होंने आगामी कार्यक्रम की सूचना देते हुए बताया कि समिति द्वारा 7 जून रविवार को सुबह 10:30 बजे पड़ाव चौक पर इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु राहगीरों के लिए ठंडे शरबत की छबील लगाई जाएगी। इस अवसर पर सुशील गोयल, सुमित मित्तल, अनिल गुप्ता, संजीव गोयल, वीरभान बंसल, कमल जैन, गौरव गुप्ता, सुनील मित्तल, राजकुमार, चेतन अग्रवाल, अमित बंसल और संदीप गर्ग आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली भाजपा में नई टीम होगी घोषित, पांच महिलाएं और दो एससी नेता संभालेंगे जिलों में संगठन का दायित्व

**दिल्ली (राजधानी चौपाल)** : लगभग एक वर्ष के इंतजार के बाद भाजपा के सभी 14 संगठनात्मक जिलों की टीमों की घोषणा शीघ्र होने की उम्मीद है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जमीनी स्तर पर काम करने वाले योग्य लोगों को दायित्व मिले, इसके लिए प्रत्येक जिले में रायशुमारी की जा रही है। पिछले दिनों इसके लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। उन्हें प्रत्येक पद के लिए तीन दावेदारों की सूची तैयार करने को कहा गया है। अंतिम निर्णय प्रदेश नेतृत्व करेगा।

पिछले वर्ष 26 मई को जिला अध्यक्षों की घोषणा हुई थी, लेकिन अब तक उनकी टीमों का गठन नहीं हो पाया है। पिछले माह 28 तारीख को प्रदेश अध्यक्ष का पद संभालने के बाद हर्ष मल्होत्रा ने जिलों की इकाइयों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी। हाल ही में उन्होंने सभी जिलों में रायशुमारी के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की थी। प्रत्येक पद के लिए तीन नामों की सूची तैयार की जा रही है। पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्धारित जिलों में जाकर जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं सह-प्रभारी, संबंधित सांसद व पूर्व सांसद, विधानसभा क्षेत्रों के विधायक तथा वहां रहने वाले प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों से सुझाव ले रहे हैं। इन सुझावों के आधार पर प्रत्येक पद के लिए तीन नामों की सूची तैयार की जा रही है।

बताया जा रहा है कि अधिकांश जिलों के पर्यवेक्षकों ने अपनी



रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंप दी है। प्रदेश नेतृत्व इन सूचियों पर जिला अध्यक्ष, प्रभारी और सह-प्रभारी के साथ चर्चा कर पदाधिकारियों के नामों को अंतिम रूप देगा। अगले दो-तीन दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। उम्मीद है कि इस सप्ताह के अंत तक अथवा अगले सप्ताह सभी जिलों के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि जिलों की टीमों के गठन में स्थानीय और जातीय समीकरणों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक जिले की टीम में कम से कम पांच महिलाओं और दो अनुसूचित जाति के नेताओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। तीन महामंत्रियों के पदों में से एक पद महिला को देने का निर्णय लिया गया है। दक्षिणी दिल्ली और नजफगढ़ में महिला जिला अध्यक्ष हैं। इन दोनों जिलों में महामंत्री पद पर महिला की नियुक्ति अनिवार्य नहीं होगी। वहां अनुसूचित जाति के नेताओं को यह दायित्व दिया जा सकता है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिला अध्यक्ष जिस जाति से आते हैं, उसी जाति के नेता को महामंत्री न बनाया जाए। किसी अन्य जाति के नेता को महामंत्री बनाकर सामाजिक और जातीय संतुलन साधने का प्रयास किया जाएगा। जिले की मुख्य टीम में एक अध्यक्ष, छह उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, छह मंत्री, एक कोषाध्यक्ष और एक कार्यालय मंत्री शामिल होते हैं।

## दिल्ली में रोहिणी मेट्रो में लिफ्ट और इस्सापुर सौर ऊर्जा सबस्टेशन को हरी झंडी, LG ने जमीन देने की मंजूर दी






**दिल्ली (राजधानी चौपाल)** : एलजी तरनजीत सिंह संधू ने आम जनता की सुविधा के लिए दो महत्वपूर्ण फैसलों को हरी झंडी दी है। पहले फैसले के तहत रोहिणी पश्चिम मेट्रो स्टेशन पर नई लिफ्ट लगाने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को सौंप दी गई है। इस कदम से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को तो राहत मिलेगी ही, साथ ही पास के बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों की राह भी आसान हो जाएगी। इससे पूर्व दिल्ली सरकार के भूमि और भवन विभाग ने कुछ नीतिगत वजहों से इस प्रस्ताव को रोक दिया था, लेकिन अब एलजी की मंजूरी के बाद इस पर काम आगे बढ़ेगा। दूसरे बड़े फैसले में दिल्ली में पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के इस्सापुर गांव में एक नया सौर ऊर्जा पूलिंग सब स्टेशन बनाने के लिए ग्राम सभा की नौ बीघा जमीन को बिजली विभाग के लिए मंजूर किया गया है। यह जमीन बिजली विभाग को 99 साल के लिए मुफ्त पट्टे पर दी गई है। दरअसल, इस इलाके के ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों में लोगों ने अपनी जमीनों पर बड़े पैमाने पर सोलर पैनल लगाए हैं, जिससे वहां बिजली का उत्पादन काफी बढ़ गया है। पुराना स्थानीय नेटवर्क इस भारी मात्रा में पैदा हो रही सौर ऊर्जा को संभालने में सक्षम नहीं था, इसलिए यह नया सब स्टेशन इस पूरी बिजली को एकत्र कर शहर के मुख्य ग्रिड तक सुरक्षित पहुंचाने का काम करेगा।

## CBSE को Expose करने वाले सार्थक सिद्धांत के लिए बड़ा आफर, IIT Kanpur के निदेशक ने भेजा ये प्रस्ताव

**दिल्ली (राजधानी चौपाल)**, सीबीएसई के आन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) पोर्टल में तकनीकी खामियों को उजागर कर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए झारखंड के 17 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत को आईआईटी ने नौकरी का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर अभी तक छात्र की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

आईआईटी निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि सार्थक सिद्धांत की असाधारण तकनीकी समझ, विश्लेषण क्षमता और प्रतिभा को देखते हुए संस्थान ने उन्हें नौकरी का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि छात्र की सहमति मिलने के बाद आगे की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

बताते चलें कि सार्थक ने ओएसएम पोर्टल से जुड़े दस्तावेजों का विश्लेषण कर करीब 15 तकनीकी विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया था। उनके दावों के बाद यह मामला इतना गंभीर हो गया कि उन्हें संसदीय समिति के समक्ष भी अपने निष्कर्ष प्रस्तुत






करने के लिए आमंत्रित किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने तकनीकी जांच की जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर और आईआईटी मद्रास के चार विशेषज्ञ वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम को सौंपी। जांच के दौरान सार्थक ने भी महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

जांच पैनल से जुड़े वैज्ञानिकों के अनुसार ओएसएम पोर्टल में कई सुरक्षा संबंधी कमजोरियां पाई गईं। रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया कि कोई भी सामान्य स्तर का हैकर मास्टर पासवर्ड का दुरुपयोग कर डेटा और रिकार्ड में छेड़छाड़ कर सकता था।

पोर्टल में अनधिकृत प्रवेश के कई संभावित रास्ते मौजूद थे, जिनकी पहचान कर उन्हें बंद किया गया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया गया।

सुरक्षा सुधारों और तकनीकी परीक्षण के बाद पोर्टल को पुनः संचालित कर दिया गया है।

## दिल्ली-आगरा हाईवे पर हर किलोमीटर लगेंगे AI कैमरे, दिसंबर 2026 तक 215 कैमरों से होने लगेगी निगरानी

**फरीदाबाद (राजधानी चौपाल)** : दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रत्येक किलोमीटर पर आटो ट्रैकिंग कैमरे लगाए जाएंगे। इस योजना को दिसंबर 2026 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। हर एक किलोमीटर पर कैमरों के लिए पोल स्लैब लगाने का काम शुरू हो चुका है।

एनएचपीसी टोल प्लाजा से आगरा के सिकंदरा चौक तक राजमार्ग 215 सीसीटीवी कैमरों की जद में आ जाएगा। योजना का मकसद राजमार्ग पर यातायात की निगरानी, दुर्घटनाओं का विश्लेषण और आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने का है।

खास बात यह है कि लगाए जाने वाले कैमरे एआई आधारित होंगे। 23 किलोमीटर वाली फरीदाबाद सीमा में 27 कैमरे लगाए जाने हैं।

**एटीएमएस योजना के तहत लगेंगे कैमरे**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) योजना के तहत एआई आधारित एटी कैमरे लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।


प्रत्येक किलोमीटर कैमरों के लिए लगाए जाने वाले पोल्स का फाउंडेशन स्लैब लगाया जा रहा है। इन कैमरों की कवरिंग रेंज 250 मीटर के आसपास होगी, लेकिन स्पष्टता 100 मीटर तक दिखा सकेगा।

इन कैमरों में होने वाली रिकार्डिंग को 180 दिन तक सहेज कर रखा जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर छह महीने में उन्हें खंगाला जा सके।

**टोल प्लाजा के पास बनेगा कंट्रोल रूम**

एटीएमएस के तहत लगने वाले एआई आधारित कैमरों की मानटरिंग के लिए एनएचपीसी के नजदीक एनएचएआई कार्यालय में ही कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

कैमरों की खासियत यही रहेगी कि जैसे ही सड़क पर




कोई हादसा, दुर्घटना या पशु इत्यादि दिखाई देगा तो वे कंट्रोल रूम में मौजूद स्क्रीन को हाईलाइट करके बीप करेगा।

बीप के बजते ही कंट्रोल रूम ऑपरेटर तुरंत इमरजेंसी नंबर 1033 और 112 को सूचित करेंगे, ताकि जरूरतमंद को फौरी तौर पर मदद मिल सके।

**यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के कटेंगे चालान**

लगाए जाने वाले कैमरों की निगरानी करके यातायात पुलिस ओवरस्पीड वाहन, बिना बेल्ट वाहन चलाने वाले, ब्लैक फिल्म वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट, मोबाइल पर बात करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटेगी। ओवर स्पीड कैमरे अलग से लगाए जाएंगे, जो फुट ओवर ब्रिज व ओवरहेड रोलर्स पर लगाए जाएंगे।

## सुशासन से समृद्धि: पीएम मोदी के 12 सालों में ऐसे आसान हुआ आम लोगों का जीवन



**दिल्ली (राजधानी चौपाल)** : भारत के राजनीतिक इतिहास में पिछले 12 वर्ष केवल सत्ता संचालन के नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में आए एक क्रांतिकारी बदलाव के साक्षी रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में ली गई एक ऐतिहासिक शपथ से शुरू हुआ यह सफर आज देश के कोने-कोने में रहने वाले हर भारतीय के जीवन को सुगम, सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है।

'फ्रेजाइल फाइव' (कमजोर पांच) की कतार से निकलकर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने तक का भारत का यह सफर असल में हर नागरिक के सपनों को पंख देने जैसा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस 12 वर्षों के सेवाकाल ने 'सुशासन से समृद्धि' की उस परिकल्पना को धरातल पर उतारा है, जहां विकास का लाभ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है।

### टैक्स-फ्री आय सीमा बढ़कर 12.75 लाख हुई

टैक्स के बोझ से मुक्ति और 'सुशासन से समृद्धि' का अहसास इन 12 वर्षों में आम आदमी को सबसे बड़ी राहत टैक्स व्यवस्था में सुधारों से मिली है। सरकार ने न केवल टैक्स के ढांचे को सरल बनाया, बल्कि जनता पर से इसका बोझ भी कम किया। साल 2014 में जहां केवल दो लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री थी, वहीं आज यह सीमा बढ़कर 12.75 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। इस राहत का नतीजा यह हुआ कि टैक्स देने वालों का आधार 5.26 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गया। जनता में यह भरोसा जागा है कि उनका एक-एक पैसा सीधे देश के विकास, जैसे - शानदार सड़कों, अत्याधुनिक अस्पतालों और मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण में लग रहा है। पारदर्शी और फेसलेस टैक्स प्रणाली ने नागरिकों के आत्मसम्मान को बढ़ाया है।

### डिजिटल क्रांति: आठ रुपये में एक जीबी डाटा और बदलती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

एक समय था जब इंटरनेट अमीरों की जागीर समझा जाता था, लेकिन आज भारत के गांवों में बैठा एक आम किसान या छोटा दुकानदार भी पूरी दुनिया से जुड़ा हुआ है। बीते 12 वर्षों में एक जीबी मोबाइल डाटा की कीमत 269 रुपये से 97 प्रतिशत घटकर महज आठ से 10 रुपये रह गई है।

इस सस्ती तकनीक का ही कमाल है कि देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 25 करोड़ से छलांग लगाकर 103 करोड़ पार कर चुकी है। मोबाइल फोन का आयात करने वाला भारत आज दुनिया का बड़ा निर्यातक बन चुका है। इस डिजिटल रीढ़ ने ई-कामर्स और आनलाइन सेवाओं के जरिये देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के असीम अवसर पैदा किए हैं।

### अन्नदाताओं की खुशहाली : पांच गुना बढ़ा कृषि बजट

देश के किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना इस सरकार की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर रहा है। साल 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट जो महज 27,663 करोड़ रुपये था, वह वित्त वर्ष 2026-27 में पांच गुना बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

'पीएम-किसान' योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों के खातों में सीधे 4.3 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। यूरिया पर 90 प्रतिशत की भारी सब्सिडी देकर किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाया गया। इन्हीं कदमों का परिणाम है कि देश में

रिकार्ड 3,577 लाख टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ, जिसने देश की खाद्य सुरक्षा को अभेद्य बना दिया है।

### भारतीय रेलवे का कायाकल्प : वंदे भारत और चेनाब ब्रिज का गौरव

आम नागरिक के सफर को सुहाना और सुरक्षित बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने इन 12 वर्षों में पुनर्जन्म जैसा दौर देखा है। 2014 के बाद से देश में 36 हजार किलोमीटर से अधिक नई रेल पटरियां बिछाई गईं और ब्राड-गेज नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा कर भारत 'नेट जीरो' कार्बन उत्सर्जन की ओर बढ़ रहा है।

कश्मीर में चेनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्क ब्रिज और अत्याधुनिक 'वंदे भारत स्लीपर' ट्रेनों की शुरुआत नए भारत की आधुनिक पहचान बन चुकी है। अब लंबी कतारों के बिना आसानी से टिकट मिलना और विश्वस्तरीय स्टेशनों पर सफर करना देश के मध्यम वर्ग के लिए एक सुखद हकीकत बन चुका है। 12 वर्षों में भारत के हेल्थकेयर सेक्टर में भी बड़ा बदलाव सरकारी बुकलेट 'लोक सेवा में प्रधान सेवक के 11 वर्ष' के अनुसार, मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सुधार हुआ है।


### आयुष्मान भारत

दुनिया की इस सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 43 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। प्रति परिवार पांच लाख का मुफ्त इलाज मिलने से 12 करोड़ मरीजों को लाभ हुआ और 1.25 लाख करोड़ की बचत हुई।

इस वर्ष इसके लिए 9,500 करोड़ से अधिक आवंटित किए गए हैं। स्वास्थ्य बजट आवंटन 2014 के 35,163 करोड़ से बढ़कर 2026 में 1,06,530 करोड़ रुपये हो गया है। आयुष बजट भी 1,272 करोड़ से बढ़कर 4,408 करोड़ हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

## पानीपत में पत्नी से बात करने के बाद युवक ने की आत्महत्या, छह माह पहले हुई थी शादी



**पानीपत(राजधानी चौपाल) :** बतरा कालोनी में सोमवार शाम एक युवक ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से कुछ समय पहले उसने पत्नी से फोन पर बात की थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक अजय (30) दो बहनों का इकलौता भाई था और उसकी शादी छह माह पहले ही हुई थी। अजय मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का रहने वाला था और अपने पिता सुभाष के साथ बतरा कालोनी में किराये के मकान में रह रहा था। पिता सुभाष ने बताया कि करीब छह माह पहले अजय की शादी कराने के लिए परिवार पैतृक गांव शाहजहांपुर गया था। शादी के बाद परिवार के अधिकांश सदस्य गांव में ही थे, अजय कुछ दिन पहले ही पानीपत आया था।

## आर्यवीर दल के 7 दिवसीय शिविर का समापन, युवाओं व बच्चों ने लिया विभिन्न गतिविधियों में भाग



**हिसार (राजधानी चौपाल)** अग्निदेव भीष्म योगाश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में सात दिवसीय आर्यवीर दल शिविर का आयोजन 1 से 7 जून तक मिर्जापुर गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में भारी सख्ंया में युवाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। गुरुकुलीय दिनचर्या में रहकर शिविरार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह शिविर पूर्णत: आवासीय शिविर था।

छात्रों ने योगासन, प्राणायाम, दंड बैठक, सरल व्यायाम, लाठी संचालन, डंबल, स्तूप निर्माण, युद्ध आदि का अभ्यास किया। बौद्धिक शिक्षा में यज्ञ विधि, नैतिक मूल्यों, वेदादि पुरातन साहित्य, महापुरुषों की जीवनी, पितृ भक्ति, देश भक्ति, ईश्वर भक्ति की बातें सीखीं तथा नशा, बीड़ी, तंबाकू, दुर्व्यसनों से दूर रहने की प्रतिज्ञा की।

शिविर के मुख्य संचालक जय भारत शास्त्री थे और शिविर के अध्यक्ष संतलाल आर्य हिसार तथा शिविर आचार्य के रूप में डॉ. प्रमोद योगार्थी प्राचार्य दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय हिसार ने शिरकत की। योग शिक्षक के रूप में कनिष्क राय, राजा तथा विनोद गुरेरा ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर गांव व हिसार के अनेक गणमान्य पुरुष महिलाएं उपस्थित रहे। कृष्ण कुमार मिर्जापुर ने पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ शिविर की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. पुरुषोत्तम वशिष्ठ, महेंद्र सिंह सरपंच डोभी, साधुराम सरपंच, अन्य सरपंच प्रतिनिधि संजय सोनी, मेवा सिंह समाज सेवी, पुरुषोत्तम मदान, डॉ. सीताराम, मा. विजेंद्र गिल आदि महानुभाव उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर शिविरार्थी छात्रों का उत्साह बढ़ाया। अध्यक्ष संतलाल आर्य ने सभी अभ्यागत महानुभाव और सहयोगी भाई-बहनों के सहयोग का हार्दिक धन्यवाद किया तथा प्रतिवर्ष शिविर का आयोजन करने की बात कही। सभी छात्रों को मेडल, पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## अणुव्रत समिति की वार्षिक बैठक तेरापंथ भवन में आयोजित की गई



**हिसार (राजधानी चौपाल)** अणुव्रत समिति हिसार की आम सभा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या शासनश्री साध्वी श्री यशोधरा जी व शासन श्री साध्वी श्री परशमरती जी के पावन आर्शीवाद से तेरापंथ भवन कटला में आयोजित की गई जिसमें केशियर विनोद जैन ने पिछले साल 2025-26 का आय-व्यय का हिसाब-किताब दिया गया तथा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने पिछले साल 2025-26 के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसका सभी ने करतल ध्वनि स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन द्वारा अणुव्रत गीत व अणुव्रत आचार संहिता के वाचन से शुरू किया गया।

राजेंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि समिति के कार्यों में सभी का सहयोग निरंतर मिलता रहता है और आज अणुव्रत समिति का जो स्थान हिसार सहित पूरे देश में है वह पूरी टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है। अणुव्रत के नियमों का पालन करते हुए समिति द्वारा समाज में निरंतर जागरूकता व प्रेरणा लाने का काम निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष संजय जैन ने कहा अणुव्रत समिति अच्छा काम कर रही है और उन्हें पूरी आशा है कि भविष्य में समिति अपने सामाजिक प्रेरणा व सामाजिक कार्यों से समिति को नई ऊंचाइयों पर लेकर जायेगा।

बैठक में राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष, दर्शन लाल शर्मा, विनोद जैन, अनिल गुप्ता, डॉ. सतेंद्र यादव, कमलेश अग्रवाल, श्रवण गिरधर, इन्द्रेश पांडे, सुरेश शर्मा, जोनू कुमार, जगदीश गर्ग, कृष्ण मिश्रा, अनिल जैन, प्रेम सिंह संजय जैन, टेकराम बुरा, सुरेश गोयल, नितिन कुमार, गौरव जैन, ओमप्रकाश व गोविंद सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर भीषण सड़क हादसा, गुरुग्राम के युवक की मौत; भाई गंभीर रूप से घायल



**गुरुग्राम(राजधानीचौपाल) :** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बुधवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गुरुग्राम के एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा शामली जिले के हसनपुर लुहारी क्षेत्र में उस समय हुआ, जब हरिद्वार जा रही एक वैगनआर कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। मृतक की पहचान मदनपुरी निवासी तुषार (25) के रूप में हुई है।

हादसे में उसका भाई सुजल तथा कार चालक मनजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना भवन पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान तुषार ने दम तोड़ दिया।

गंभीर रूप से घायल सुजल और चालक मनजीत को इलाज के लिए सहारनपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मृतक के चचेरे भाई सारथी ने बताया कि मंगलवार देर रात तुषार और सुजल वैगनआर कार से हरिद्वार के लिए निकले थे।

दो साल पहले हुआ था पिता का निधन

दोनों भाई गुरुग्राम के मदनपुरी की गली नंबर-9 में अपनी मां के साथ रहते हैं और स्क्रैप कारोबार से जुड़े हुए हैं। तुषार और सुजल दोनों अविवाहित हैं। करीब दो वर्ष पहले उनके पिता का निधन हो चुका है।

परिवार में उनकी मां ही हैं, जो दोनों बेटों के साथ रहती हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घर और मदनपुरी की गली नंबर-9 में शोक और मातम का माहौल है।

फिलहाल परिवार के सदस्य सहारनपुर गए हुए हैं, जहां घायल सुजल का उपचार चल रहा है और हादसे से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

## 'चुन्नू-मुन्नू अफसर नहीं हूं मैं', शराब ठेके पर DTP का वीडियो वायरल होने से गुरुग्राम में मचा बवाल



**गुरुग्राम(राजधानीचौपाल) :** रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नगर योजनाकार (डीटीपी) आरएस बाठ एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में शराब ठेके के एक सेल्समैन के साथ उनकी तीखी नोकझोंक दिखाई दे रही है। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान डीटीपी ने न केवल कर्मचारी को फटकार लगाई, बल्कि कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्दों का भी प्रयोग किया। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

गूंज रहे विवादित कमेंट

बताया जा रहा है कि रेलवे रोड स्थित शराब ठेके के बाहर बने एक ढांचे को लेकर डीटीपी की टीम मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान दस्तावेजों की जांच को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि जांच के दौरान दस्तावेज फेंक दिए गए और कर्मचारी को धमकाते हुए कहा गया, "तेरे मालिक को बुलाऊंगा, तब पता लगेगा।" वीडियो में "दारू का ठेका खोल रखा है तो सिर पर चढ़ेगा, मैं कोई चुन्नू-मुन्नू अफसर नहीं हूं" जैसी टिप्पणी भी सुनाई दी।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का नोडल अधिकारी

यह पहला मौका नहीं है जब आरएस बाठ का नाम विवादों में आया हो। इससे पहले भी कई दुकानदार और कारोबारी उनके व्यवहार को लेकर सवाल उठा चुके हैं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर इस तरह की शिकायतों पर कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। वर्तमान में उन्हें शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का नोडल अधिकारी बनाया गया है। शराब ठेके के सेल्समैन को धमकाने का आरोप

मामले में डीटीपी आरएस बाठ ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि रेलवे रोड पर जिस स्थान को लेकर विवाद सामने आया है, वहां शराब ठेके के बाहर पहले एक अस्थायी खोखा था, जिसे बाद में पक्के निर्माण का रूप दे दिया गया था। कार्रवाई के दौरान संबंधित पक्ष को बुलाकर दस्तावेज और नियमों के संबंध में जानकारी मांगी गई, लेकिन काफी देर तक बात को गंभीरता से नहीं लिया गया।

अधिकारी ने विवाद का क्या बताया कारण?

बाठ के अनुसार, स्थानीय लोगों ने भी शिकायत की थी कि शाम के समय ठेके के बाहर बैठकर शराब पी जाती है, जिससे व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से संबंधित लोगों को सख्ती के साथ समझाया गया था।डीटीपी ने कहा कि उनकी मंशा किसी व्यक्ति या व्यवसाय के विरुद्ध कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। बाद में ठेके के मालिक से भी बातचीत हुई, जिन्होंने सभी नियमों का पालन करने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सुधार करने का भरोसा दिया।

## एल्विश यादव ने काल्पनिक 'खरगोश जनता पार्टी' की घोषणा की, अभिजीत दीपके के CJP का उड़ाया मजाक

**गुरुग्राम(राजधानीचौपाल) :** गुरुग्राम के मशहूर यूट्यूबर और Elvish Yadav एक बार फिर अपने अनोखे अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले एल्विश यादव ने हाल ही में एक काल्पनिक राजनीतिक दल 'खरगोश जनता पार्टी' (केजेपी) लॉन्च करने की घोषणा की है। उनके इस ऐलान ने इंटरनेट मीडिया पर नई बहस और मनोरंजन का माहौल बना दिया है।




दिलचस्प बात यह है कि कुछ दिन पहले ही काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नामक संगठन ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। इसी घटनाक्रम को आधार बनाते हुए एल्विश यादव ने व्यंग्यात्मक अंदाज में अपनी नई पार्टी की घोषणा कर दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी का पेज बनाकर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें सीजेपी की कार्यशैली और कथित घोषणापत्र पर कटाक्ष किया गया।

एल्विश यादव ने अपनी पोस्ट में पार्टी के तीन प्रमुख वादों का जिक्र करते हुए लिखा कि उनकी सरकार बनने पर सभी को मुफ्त बचा हुआ खाना उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट मीटिंग फ्रिज के पीछे आयोजित होगी और पार्टी का नारा होगा— "तेज दिमाग, लंबे कान, सबका विकास गाजर के साथ।" इन बयानों को सोशल मीडिया यूजर्स ने मजाकिया अंदाज में लिया और देखते ही देखते यह पोस्ट वायरल हो गई।

इतना ही नहीं, एल्विश ने अपनी काल्पनिक पार्टी की लॉन्चिंग को लेकर भी व्यंग्य किया। उन्होंने लिखा कि सभी समर्थक जंतर-मंतर पहुंचें, जहां उन्हें मुफ्त गाजर वितरित की जाएगी। इस पोस्ट को हजारों लोगों ने शेयर किया और उस पर मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं।

एल्विश यादव ने 'खरगोश जनता पार्टी' का एक आधिकारिक पोस्टर और चुनावी घोषणापत्र भी जारी किया। पोस्टर में उनकी तस्वीर के साथ पार्टी का झंडा दिखाया गया है, जिसमें एक खरगोश गाजर खाते हुए नजर आ रहा है। पोस्टर और घोषणापत्र के सामने आते ही सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। एल्विश के प्रशंसक लगातार इस पोस्ट को शेयर कर रहे हैं और अलग-अलग अंदाज में उस पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इसे महज मनोरंजन और व्यंग्य बताया, जबकि कुछ लोगों ने इसे मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों पर हल्के-फुल्के अंदाज में किया गया कटाक्ष माना। हालांकि, यह पूरी कवायद मजाक और व्यंग्य के रूप में ही देखी जा रही है। बावजूद इसके, एल्विश यादव का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

## महिला डॉक्टर से बदसलूकी और अश्लील हरकत, कार में की तोड़फोड़

**गुरुग्राम(राजधानीचौपाल) :** साउथ सिटी दो में कार सवार दंपती के साथ दो लोगों द्वारा गाली-गलौज और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार शाम की है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर बुधवार दोपहर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। महिला पेशे से डॉक्टर बताई जा रही हैं।छ

पुलिस को दी शिकायत में सोहना रोड स्थित एक नामी सोसाइटी की रहने वाली महिला ने बताया कि वह मंगलवार को किसी काम से साउथ सिटी दो इलाके में आई हुई थीं। उनके साथ पति भी थे। शाम के वक्त जब वह शिशपाल विहार के पास से गुजर रही थीं, तभी एक



दिल्ली नंबर की गाड़ी में सवार दो अज्ञात युवकों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी कार अड़ा दी।

पति के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू किया

दोनों युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और बेहद आपत्तिजनक व अभद्र व्यवहार किया। जब पति ने विरोध किया तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई।

मामले में पकड़े गए आरोपित की पहचान सेक्टर 47 मालिबू टाउन निवासी पारस ठाकरान के रूप में की गई। पूछताछ में पता चला कि गाड़ी ओवरटेक करने के दौरान कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया।

# गूगल फोटोज़ और ड्राइव यूजर्स के लिए अच्छी खबर, बिना कीमत बढ़ाए दोगुना हुआ स्टोरेज

## Google AI प्लस प्लान में 200GB से बढ़कर अब मिलेगा 400GB स्टोरेज, कीमत वही ₹399 प्रति माह


**नई दिल्ली, टेक डेस्क।**

गूगल ने अपने AI प्लस सब्सक्रिप्शन प्लान को और ज्यादा दमदार बना दिया है. कंपनी ने घोषणा की है कि अब गूगल AI प्लस प्लान के साथ मिलने वाला क्लाउड स्टोरेज 200GB से बढ़ाकर 400GB कर दिया गया है. खास बात यह है कि भारतीय यूजर्स को इस अपग्रेड के लिए कोई अतिरिक्त पैसा नहीं देना होगा. भारत में यह प्लान पहले की तरह 399 रुपये प्रति माह में उपलब्ध रहेगा.

गूगल का यह फैसला उन यूजर्स के लिए बड़ी राहत लेकर आया है जो Gmail, गूगल Drive और गूगल Photos पर बड़ी मात्रा में डेटा स्टोर करते हैं. अब उन्हें दोगुना स्टोरेज मिलेगा, जिससे फोटो, वीडियो, डॉक्यूमेंट और दूसरे फाइल्स को सेव करना और आसान हो जाएगा.

### क्या-क्या मिलेगा गूगल AI प्लस प्लान में?

- जेमिनी ऐप में ज्यादा यूसेज लिमिट (फ्री वर्जन के मुकाबले)
- 128,000 टोकन कॉन्टेक्ट विंडो का सपोर्ट
- Daily Brief, Omni Flash वीडियो जनरेशन और Scheduled Interactions जैसे एडवांस फीचर्स
- जीमेल में AI इन्बॉक्स और प्रूफरीड जैसी सुविधाएं




### फैमिली के साथ भी शेयर कर सकते हैं प्लान

गूगल AI प्लस की एक और खासियत यह है कि इसके फायदे परिवार के पांच सदस्यों तक के साथ शेयर किए जा सकते हैं. यानी एक ही सब्सक्रिप्शन का फायदा कई लोग उठा सकते हैं, जिससे इसकी वैल्यू और बढ़ जाती है.

### भारतीय यूजर्स को क्या फायदा होगा?

भारत में कीमत में बदलाव नहीं किया गया है. इसके बजाय यूजर्स को सीधे स्टोरेज अपग्रेड का फायदा दिया गया है. बिना अतिरिक्त खर्च के दोगुना स्टोरेज मिलना भारतीय यूजर्स के लिए अच्छी खबर है.

**निष्कर्ष:** अगर आप गूगल Photos, Drive और Gemini AI का नियमित इस्तेमाल करते हैं, तो गूगल AI प्लस का यह नया 400GB स्टोरेज ऑफर पहले से कहीं ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है.




ऐपल ने WWDC 2026 में iOS 27 का ऐलान करते समय Siri AI, ऐपल इंटिजेंस और कई नए AI फीचर्स पर ज्यादा ध्यान दिया. लेकिन इसी अपडेट के साथ एक ऐसा फीचर भी आने वाला है, जिसका iPhone यूजर्स लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. iOS 27 में अब अलग-अलग तरह की आवाजों के लिए अलग वॉल्यूम कंट्रोल मिलेगा. यानी यूजर्स रिंगटोन, अलार्म, टाइमर और सिस्टम साउंड की आवाज को अपनी जरूरत के हिसाब से अलग-अलग सेट कर सकेंगे. अब तक iPhone में कई तरह की नोटिफिकेशन और अलर्ट के लिए एक ही वॉल्यूम सेटिंग का इस्तेमाल करना पड़ता था. इसकी वजह से अगर कोई यूजर अलार्म की आवाज कम करना चाहता था, तो रिंगटोन की आवाज भी प्रभावित हो जाती थी. कई यूजर्स लंबे समय से इस बदलाव की मांग कर रहे थे और अब ऐपल ने आखिरकार इसे iOS 27 में शामिल कर लिया है.

### इस सेटिंग में मिलेगा नया फीचर

रिपोर्ट के मुताबिक, नया फीचर Settings ऐप के Sounds and Haptics सेक्शन में मिलेगा. यहां यूजर्स रिंगटोन, अलार्म और टाइमर के साथ-साथ सिस्टम साउंड और नोटिफिकेशन की आवाज को अलग-अलग कंट्रोल कर सकेंगे. इससे iPhone इस्तेमाल करने का एक्सपीरिएंस पहले से ज्यादा आसान हो जाएगा. ऐपल ने iOS 27 में "Match Ringtone Volume" नाम का एक नया ऑप्शन भी जोड़ा है. अगर यह ऑप्शन चालू रहेगा, तो पहले की तरह सभी साउंड एक ही वॉल्यूम सेटिंग का इस्तेमाल करेंगे. लेकिन इसे बंद करने पर यूजर्स अलग-अलग साउंड कैटेगरी के लिए अलग वॉल्यूम लेवल सेट कर सकेंगे.

कंपनी के अनुसार, यह फीचर Wake-Up Alarm और कुछ खास अलार्म पर लागू नहीं होगा, क्योंकि उनके लिए पहले से अलग वॉल्यूम सेटिंग मौजूद है. वहीं सिस्टम साउंड कैटेगरी में कीबोर्ड क्लिक, कैमरा शटर साउंड और मैसेज नोटिफिकेशन जैसी आवाजें शामिल होंगी.

हालांकि iOS 27 में हर अलार्म के लिए अलग वॉल्यूम सेट करने का विकल्प नहीं मिलेगा, लेकिन फिर भी यह बदलाव iPhone यूजर्स के लिए काफी काम का साबित हो सकता है. Android स्मार्टफोन में यह सुविधा कई सालों से मौजूद है और अब ऐपल भी इसी दिशा में कदम बढ़ा रहा है.

iOS 27 का डेवलपर बीटा जारी किया जा चुका है, जबकि पब्लिक बीटा अगले महीने आने की उम्मीद है. फाइनल अपडेट इस साल के आखिर में सभी सपोर्टेड आईफोन मॉडल्स के लिए जारी किया जा सकता है.

# Redmi Turbo 5 के इंडियन वेरिएंट में छोटी बैटरी

## 16 जून को इन खूबियों के साथ होगा लॉन्च

रेडमी के नए फोन Redmi Turbo 5 को इस साल जनवरी में चीनी मार्केट में लॉन्च किया गया था और अब यह फोन इंडियन मार्केट में लॉन्च होने वाला है. यह फोन Amazon और mi.com पर उपलब्ध होगा.

### Redmi Turbo 5 बैटरी डिटेल्स

भारतीय वेरिएंट में **7540mAh** की बैटरी होगी, जबकि चीनी वेरिएंट में **7560mAh** की बैटरी दी गई है.

कम कैपेसिटी के बावजूद इस फोन में चीनी वेरिएंट की तरह ही **100W** वायर्ड चार्जिंग सपोर्ट मिलेगा.

### लॉन्च डेट

**16 जून, 2025**







### Redmi Turbo 5 Specifications (कन्फर्म)

**प्रोसेसर**
MediaTek Dimensity 8500 Ultra प्रोसेसर मिलेगा.

**रैम**
12GB वर्चुअल रैम सपोर्ट मिलेगा, जिससे 12GB रैम को बढ़ाकर 24GB तक किया जा सकेगा.

**पर्फोर्मेंस**
इसका AnTuTu स्कोर 2.3 मिलियन+ है.

**कैमरा सेटअप**
- 50MP (OIS) प्राइमरी कैमरा
- 8MP अल्ट्रा वाइड कैमरा
- 20MP फ्रंट कैमरा (सेल्फी)

**डिस्प्ले**
120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 1.5K रिजॉल्यूशन डिस्प्ले

**कूलिंग टेक्नोलॉजी**
फोन को कूल रखने के लिए एडवांस कूलिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है.

**उपलब्धता**
लॉन्च के बाद यह फोन Amazon और mi.com पर उपलब्ध होगा.



# हाई कोलेस्ट्रॉल नहीं फिर भी हार्ट अटैक?

आज के समय में हार्ट अटैक की समस्या तेजी से बढ़ रही है. कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं. हार्ट अटैक को अक्सर हाई कोलेस्ट्रॉल से जोड़कर देखा जाता है. ऐसा माना जाता है कि शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से नसों में फैट जमा हो सकता है, जिससे हार्ट संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है. हालांकि दिल की सेहत केवल कोलेस्ट्रॉल के स्तर पर ही निर्भर नहीं करती. हार्ट डिजीज के पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं.

यही वजह है कि कुछ लोगों में सामान्य कोलेस्ट्रॉल स्तर होने के बावजूद भी हार्ट से जुड़ी गंभीर समस्याएं देखी जा सकती हैं. केवल कोलेस्ट्रॉल रिपोर्ट को देखकर दिल की सेहत का पूरा आकलन नहीं किया जाता. ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हार्ट अटैक का खतरा केवल एक कारण से नहीं जुड़ा होता. आइए जानते हैं कि हाई कोलेस्ट्रॉल के अलावा हार्ट अटैक के पीछे कौन से अन्य कारण जिम्मेदार हो सकते हैं.

## बिना हाई कोलेस्ट्रॉल के हार्ट अटैक आने के कौन से अन्य कारण जिम्मेदार हैं?

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (AHA) के अनुसार, हाई कोलेस्ट्रॉल हार्ट अटैक का एक अहम जोखिम कारक है, लेकिन यह अकेला कारण नहीं है. संगठन के मुताबिक, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, धूम्रपान, मोटापा, शारीरिक एक्टिविटी की कमी, तनाव और पारिवारिक इतिहास जैसे कई कारक भी हार्ट डिजीज और हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ा सकते हैं.

इसलिए हार्ट अटैक के जोखिम का आकलन करते समय केवल कोलेस्ट्रॉल पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं माना जाता. विशेषज्ञ ओवरऑल स्वास्थ्य स्थिति और लाइफस्टाइल को भी जरूरी मानते हैं. इसी वजह से नियमित स्वास्थ्य जांच और जोखिम कारकों की पहचान पर जोर दिया जाता है.

## हार्ट अटैक के इन संकेतों को न करें नजरअंदाज

हार्ट अटैक से पहले कुछ लोगों में सीने में दर्द या दबाव महसूस होना, सांस फूलना, अत्यधिक थकान, चक्कर आना, जबड़े, गर्दन, कंधे या बांह में दर्द जैसे संकेत दिखाई दे सकते हैं. हालांकि हर व्यक्ति में लक्षण एक जैसे नहीं होते.

कुछ मामलों में महिलाओं, बुजुर्गों और डायबिटीज के मरीजों में लक्षण अलग या कम स्पष्ट हो सकते हैं. इसलिए अगर कोई असामान्य लक्षण बार-बार दिखाई दे रहे हों, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए.

## हार्ट अटैक के खतरे को कम करने के लिए क्या करें?

दिल को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित डाइट लें, नियमित व्यायाम करें और धूम्रपान से बचें. साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच कराते रहें.

इसके अलावा पर्याप्त नींद लेना, तनाव को कंट्रोल रखना और स्वस्थ वजन बनाए रखना भी जरूरी है. अगर किसी व्यक्ति में हार्ट डिजीजके जोखिम कारक मौजूद हैं, तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार समय-समय पर जांच और उपचार करवाना जरूरी है







# चॉकलेट मिल्कशेक



**5 मिनट में बनाएं स्वादिष्ट चॉकलेट मिल्कशेक, बच्चों का सबसे पसंदीदा ड्रिंक:**

चॉकलेट मिल्कशेक बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी का पसंदीदा पेय है। यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ ऊर्जा से भी भरपूर होता है। घर पर मात्र 5 मिनट में तैयार होने वाला यह मिल्कशेक गर्मी के मौसम में ताजगी का बेहतरीन विकल्प है।:

### सामग्री:

2 कप ठंडा दूध
3 बड़े चम्मच चॉकलेट सिरप
2 स्कूप चॉकलेट आइसक्रीम
1 बड़ा चम्मच चीनी (वैकल्पिक)
बर्फ के टुकड़े

### बनाने की विधि:

1.मिक्सर जार में 2 कप ठंडा दूध डालें।
2.इसमें 3 बड़े चम्मच चॉकलेट सिरप मिलाएं।
3.2 स्कूप चॉकलेट आइसक्रीम डालें।
4.स्वादानुसार 1 बड़ा चम्मच चीनी डालें।
5.कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। सभी सामग्री को 1-2 मिनट तक अच्छी तरह ब्लेंड करें। तैयार मिल्कशेक को सर्विंग गिलास में निकालें।

**विशेष टिप:** अधिक गाढ़ा और कैफे-स्टाइल स्वाद पाने के लिए व्हिप्ड क्रीम और चॉकलेट शेविंग्स का उपयोग करें।

# राजस्थानी बेसन गट्टे की सब्जी कैसे बनाएं?



यदि आप घर पर कुछ खास और पारंपरिक बनाने की सोच रहे हैं, तो राजस्थानी थाली की शान 'बेसन गट्टे की सब्जी' एक बेहतरीन विकल्प है। बिना हरी सब्जियों के भी बनने वाली यह लाजवाब डिश मुंह में जाते ही घुल जाती है। आइए जानते हैं इसे बनाने की आसान विधि:

### सामग्री:

बेसन: 1.5 कप
दही: 2 बड़े चम्मच
तेल (मोयन के लिए): 2 बड़े चम्मच
अजवाइन: आधा छोटा चम्मच
2 बड़े चम्मच दही
लाल मिर्च पाउडर: आधा छोटा चम्मच
सौंफ (दरदरी कुटी हुई): आधा छोटा चम्मच
नमक: स्वादानुसार
बेकिंग सोडा: एक चुटकी (वैकल्पिक, गट्टे सॉफ्ट करने के लिए)

### ग्रेवी (तरी) के लिए:

बेदही (फेंटा हुआ): 1 कप
तेल या घी: 3 बड़े चम्मच
जीरा और राई: आधा-आधा छोटा चम्मच
हींग: एक चुटकी
हरी मिर्च (बारीक कटी): 2
अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1 छोटा चम्मच
प्याज (बारीक कटा): 1 मध्यम (पारंपरिक रेसिपी में प्याज वैकल्पिक है)
धनिया पाउडर: 1.5 छोटा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर: 1 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर: आधा छोटा चम्मच
गरम मसाला: आधा छोटा चम्मच
हरा धनिया: बारीक कटा हुआ
नमक: स्वादानुसार

### बनाने की विधि:

#### 1.गट्टे तैयार करना

1. एक परात में बेसन छान लें। इसमें अजवाइन को हथेली से क्रश करके डालें। साथ ही सौंफ, लाल मिर्च, हल्दी, नमक, मोयन का तेल और दही डालें।
2. सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर सख्त आटा गूंथ लें (जरूरत पड़ने पर ही १-२ चम्मच पानी छिड़कें)।
3. अब इस आटे की लोइयां बनाकर आधे इंच मोटे और रोल (बेलनाकार आकार) तैयार कर लें।
4. एक कड़ाही में ३-४ कप पानी उबालें। उबलते पानी में इन गट्टों को डालें और मध्यम आंच पर १०-१२ मिनट उबलने दें।
5. जब गट्टों के ऊपर छोटे-छोटे दाने (बबल्स) दिखने लगें, तो समझें कि वे पक गए हैं। इन्हें पानी से निकालकर ठंडा होने दें और छोटे टुकड़ों में काट लें। ध्यान रखें, गट्टे उबले हुए पानी को फेंकना नहीं है, इसे हम ग्रेवी में इस्तेमाल करेंगे।

#### 2.ग्रेवी बनाना

1. एक कटोरी में फेंटे हुए दही के साथ हल्दी, लाल मिर्च और धनिया पाउडर मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट बना लें।
2. कड़ाही में तेल या घी गर्म करें। इसमें हींग, जीरा, राई और हरी मिर्च डालकर चटकाएं। इसके बाद अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।
3. अब आंच को धीमा करें और दही-मसाले का मिश्रण कड़ाही में डालें। इसे लगातार चलाते रहें ताकि दही फटे नहीं। जब मसाले से तेल अलग होने लगे, तो ग्रेवी तैयार है।5. जब गट्टों के ऊपर छोटे-छोटे दाने (बबल्स) दिखने लगें, तो समझें कि वे पक गए हैं। इन्हें पानी से निकालकर ठंडा होने दें और छोटे टुकड़ों में काट लें। ध्यान रखें, गट्टे उबले हुए पानी को फेंकना नहीं है, इसे हम ग्रेवी में इस्तेमाल करेंगे।

#### 3.सब्जी को अंतिम रूप देना

1. ग्रेवी में गट्टे उबालने वाला बचा हुआ पानी (आवश्यकतानुसार) और स्वादानुसार नमक डालें। उबाल आने दें।
2. अब इसमें कटे हुए गट्टे डालें और ढककर धीमी आंच पर ७ से १० मिनट तक पकने दें ताकि गट्टों में मसालों का रस अच्छे से समा जाए।
3. अंत में गरम मसाला और बारीक कटा हरा धनिया डालकर गैस बंद कर दें।

**विशेष टिप:** गरमा-गरम बेसन गट्टे की सब्जी को मिस्सी रोटी, बाजरे की रोटी या सुवासित जीरा राइस के साथ परोसें। स्वाद दोगुना हो जाएगा!

# पाकिस्तान और उसके साथी चीन को अमेरिका ने दिया झटका, BLA और मजीद ब्रिगेड को आतंकी घोषित करने से रोका



**अमेरिका (राजधानी चौपाल) :** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के पाकिस्तान और चीन के संयुक्त प्रयास पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान और चीन ने पिछले साल सितंबर में सुरक्षा परिषद में बीएलए तथा मजीद ब्रिगेड को परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत ब्लैकलिस्ट करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव रखा था।

पता चला है कि अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने इस महीने इस कोशिश पर लगाम लगा दी। ये तीनों देश सुरक्षा परिषद में वीटो अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्य हैं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने कहा था कि ISIL-K, अलकायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और मजीद ब्रिगेड जैसे आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में मौजूद पनाहगाहों से गतिविधियां चलाते हैं, जहां 60 से ज़्यादा ऐसे आतंकवादी शिविर सीमापार से घुसपैठ और हमले कराने के लिए काम कर रहे हैं।

अहमद ने संरा सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा था, “पाकिस्तान और चीन ने मिलकर 1267 प्रतिबंध समिति से बीएलए तथा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए तेजी से कार्रवाई करेगी।”

पाकिस्तान अभी 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद में साल 2025-26 के कार्यकाल के लिए एक अस्थायी सदस्य के तौर पर शामिल है। जबकि चीन इस शक्तिशाली निकाय का वीटो अधिकार रखने वाला स्थायी सदस्य है। पाकिस्तान 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष था। साथ ही आतंकवाद निरोधक समिति का उपाध्यक्ष भी था। इससे पहले चीन ने परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठनों को प्रतिबंधित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों के कई प्रस्तावों को बाधित कर दिया था।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सक्रिय एक बलूच राष्ट्रवादी (Baloch nationalist) उग्रवादी/अलगाववादी संगठन है। इसका घोषित उद्देश्य बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग कर एक स्वतंत्र बलूच राज्य बनाना है। BLA का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों (गैस, खनिज आदि) का लाभ स्थानीय बलूच लोगों को पर्याप्त रूप से नहीं मिलता। दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार इसे एक आतंकवादी संगठन मानती है और उस पर सुरक्षा बलों, नागरिकों तथा विदेशी परियोजनाओं पर हमलों का आरोप लगाती है। मजीद ब्रिगेड BLA की एक विशेष/एलीट यूनिट मानी जाती है। यह अपेक्षाकृत बड़े, हाई-प्रोफाइल और अक्सर आत्मघाती (suicide) हमलों के लिए जानी जाती है। इसके निशाने पर आम तौर पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, सरकारी प्रतिष्ठान और कुछ मामलों में चीनी परियोजनाएँ व कर्मी रहे हैं।

# टैंकर पर हुआ अटैक तो भारत ने US डिप्लोमैट को बुलाकर हड़काया, 3 भारतीय अभी भी लापता



**अमेरिका (राजधानी चौपाल) :** ओमान के तट के पास समंदर में एक तेल टैंकर पर हुए हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भयंकर उबाल आ गया है. इस हमले में जहाज पर मौजूद चालक दल के 3 भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश बहुत तेजी से की जा रही है. जैसे ही ये खबर नई दिल्ली पहुंची, भारत सरकार ने बेहद कड़ा रुख अपनाया. दिल्ली में तुरंत अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत जेसन मीक्स को विदेश मंत्रालय तलब किया. भारत ने अमेरिका को हड़काते हुए दोटूक कह दिया है कि ऐसे हमले किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे. ओमान के तट के पास हमेशा की तरह जहाजों की आवाजाही जारी थी, लेकिन अचानक वहां शांति भंग हो गई जब पलाऊ के झंडे वाले एक बड़े तेल टैंकर ‘सेटोबेलो’ पर हमला हो गया और इसका इंजन रुम आग का गोला बन गया. जहाज पर 24 भारतीय चालक दल सवार थे, जिसमें से अब तक 21 भारतीयों को बचा लिया गया है, जबकि 3 भारतीय अभी तक लापता हैं. जैसे ही ये खबर फैली, वैसे ही दिल्ली के साउथ ब्लॉक से लेकर वॉशिंगटन के व्हाइट हाउस तक फोन घनघनाने लगे. ये कोई मामूली समुद्री हादसा नहीं था, बल्कि एक सोची-समझी सैन्य कार्रवाई जैसी घटना थी जिसने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग की सुरक्षा पर बहुत बड़ा खतरा पैदा कर दिया है. भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए ये खबर किसी बड़े झटके से कम नहीं थी क्योंकि जहाज पर उनके अपने नागरिक मौजूद थे. भारत आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में बहुत सधे हुए और शांत शब्दों का इस्तेमाल करता है, लेकिन जब बात नागरिकों की आती है तब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं होती.

# 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर, दावा- प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे थे सैनिक



**अमेरिका (राजधानी चौपाल) :** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में बुधवार को पाकिस्तान सेना का एक MI-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी PoK के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सरकार वहां एक्स्ट्रा सैनिक तैनात कर रही है। मुजफ्फराबाद में उड़ान भरने के बाद हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित उतारा नहीं जा सका। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

RNI No. HARHIN/25/A3341, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी एवं संपादक राहुल कुमार द्वारा सूचना प्रिंटर्स 33एस मॉडल टाउन, हिसार से छपवाकर कार्यालय आदमपुर मंडी हिसार, (किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार न्यायालय होगा)।
संपादक : राहुल कुमार, फोन : 9306813001, e-mail : rajdhanichoupal@gmail.com, प्रकाशन स्थल : मकान संख्या : 114, शांति पार्क के पास, मंडी आदमपुर, हिसार (हरियाणा)